लखनऊ में योगी और नड्डा ने सुनी पीएम के मन की बात

सोशल मीडिया को राममय किया जाना चाहिए-मोदी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज यानी रविवार को एक दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे, जहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई प्रमुख नेताओं ने अमौसी हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। नड्डा हवाई अड्डे से यहां ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक होटल में पहुंचे जहां उन्होंने मन की बात श्रृंखला की रविवार को प्रसारित कड़ी को सुना। पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 108वें एपिसोड को आज साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर को संबोधित किया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना।ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक होटल में मन की बात का लाइव प्रसारण किया गया।मन की बात के जरिए पीएम मोदी ने लखनऊ, प्रयागराज के मिलेट्स स्टार्टअप और काशी तमिल संगमम की विशेष चर्चा की। उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया पर अयोध्या , राम पर बने भजन को रौंतपत्ंउठींरंद हैशटैग के साथ शेयर करने का भी आह्वान किया।प्रधानमंत्री ने मन की बात में 2023 की उपलब्धियों का जिक्र किया। अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के स्टार्टअप्स की चर्चा की। उन्होंने लाइफस्टाइल, हेल्थ, इनोवेशन की दिशा में बड़ा कदमबताया। लाइफस्टाइल पर चर्चा करते हुए पीएम ने फिट इंडिया मूवमेंट की भी चर्चा की। इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स में लखनऊ के किरोज फूड्स, प्रयागराज के ग्रैंड माम्लेट्स और न्यूट्रास्युटिकल्स जैसे कई स्टार्टअप्स की तारीफ की।प्रधानमंत्री ने काशी तमिल संगमम के दौरान एआई तकनीक की मदद से हुए उनके रियल टाइम हिन्दी और तमिल संबोधन को भी क्रांतिकारी बताया। उम्मीद जताई कि काशी तमिल संगमम में हुआ नया प्रयोग कारगर साबित होगा। इनोवेशन से स्कूलों, अस्पतालों और न्यायालयों में बहुभाषीय संवाद कायम करने में बहुत मदद मिलेगी। उन्होंने 22 जनवरी 2024 को होने जा रहे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले अपील की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया को राममय किया जाना चाहिए।पीएम ने भगवान राम पर बने भजनों को रौंहैशटैग के सोशल मीडिया पर शेयर करने की अपील की। पीएम ने कहा कि 2023 की उपलब्धियों से प्रेरणा लेकर नये संकल्प करने होंगे।

उन्होंने मेंटल हेल्थ को भी मन की बात का हिस्सा बनाया। मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए बड़े बदलाव देखने को मिल सकता है।इस मौके पर नड्डा के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी समेत कई नेता मौजूद थे।

कुष्ठ रोगियों संग नड्डा और योगी ने मनाया थर्टी फर्स्ट

लखनऊ। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुष्ठ रोगियों के साथ साल का आखिरी दिन यानि थर्टी फर्स्ट मनाया। उनके दुख दर्द को जाना और उन्हें प्रोत्साहित किया।साल के आखिरी दिन भाजपा अध्यक्ष नड्डा और मुख्यमंत्री योगी कुष्ठ आश्रम पहुँच गए। नड्डा और योगी ने रविवार को जनकल्याण कार्यों में प्रतिभाग किया। बाराबिरवा इलाके में भाजपा अध्यक्ष नड्डा व मुख्यमंत्री योगी ने कुष्ठ रोगियों के आश्रम में जाकर उनका कुशल-क्षेम पूछा। नड्डा और योगी मंदिर पहुंचे फिर कुष्ठ रोगियों व अन्य जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। बच्चों से खुलकर संवाद किया और उनसे पूछा कि पढ़ने जाते हो या नही। बच्चों को चॉकलेट व टॉफियां भी बांटीं। कुष्ठ रोगियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है कि नहीं इस बाबत मुख्यमंत्री ने संवाद के दौरान जानकारी ली। कुष्ठ रोगियो ने भजन-कीर्तन किया जिसमें प्रभु श्रीराम की महिमा का बखान किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, विधान परिषद सदस्य मोहसिन रजा, महेंद्र सिंह आदि भी मौजूद रहे।

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित होटल में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा।

बेहतर व्यवस्था के साथ पर्याप्त रैन बसेरा संचालित करायें निकाय अधिकारी-शर्मा

लखनऊ। प्रदेश में भीषण ठंड और शीतलहर की स्थिति बन चुकी है, ऐसे में सभी नगरीय निकाय अपने यहां गरीबों, बेसहारों, बेघरों व मजबूरी में खुले में रात बिताने के लिए लाचार व्यक्तियों को ठंड एवं शीतलहर से बचने के लिए स्थाई-अस्थाई रैन बसेरा संचालित कराए। सभी रैन बसेरों में, बस व रेलवे स्टेशनों, अस्पतालों, बाजारों, मुख्य स्थानो के आसपास अलाव जलाने की व्यवस्था भी कराई जाए। लोग खुले में न सोए सभी निकाय अधिकारी रात्रि 9 बजे से 12 बजे के बीच मुख्य स्थानो का निरीक्षण करें। रैन बसेरों और अलाव जलाने की व्यवस्था का बेहतर संचालन के लिए नगर निगम में नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त तथा नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी स्वयं जाकर व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे।प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को प्रात: 8 बजे अपने 14 कालिदास आवास से सभी निकायों में रैन बसेरो के संचालन, अलाव जलाने की स्थिति व साफ-सफाई की व्यवस्था की वर्चुअल समीक्षा की। उन्होंने नगर आयुक्तों, अधिशासी अधिकारियों से बात कर रैन बसेरों के संचालन एवं अलाव जलाने की वास्तविक स्थित जानी और गाजियाबाद, मेरठ, कानपुर, प्रयागराज, गोरखपुर, वाराणसी आदि नगरों की व्यवस्था भी देखी। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां पर भी जरूरी हो रैन बसेरा जरूर संचालित कराए, खासतौर से रेलवे व बस स्टेशनों, अस्पतालों, लेबर अड्डों, बाजारों के आसपास रैन बसेरो की व्यवस्था हो। रैन बसेरों में ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े, कंबल, गर्म पानी, अलाव जलाने की व्यवस्था हो। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें, शौचालयों बेडशीट की स्वच्छता सफाई रखेंगे। निकाय अधिकारी संवेदनशील होकर गरीबों और मजबूर लोगों की मदद करें।

रैन बसेरों के संचालन और अलाव जलाने की व्यवस्था में समाज और स्वयं सेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाय, जो स्वयं सेवी संस्थाएं इसमें आगे आना चाहती हैं उनका भी सहयोग करें। लोग आसानी से रैन बसेरा पहुंच जाए, इसके लिए मुख्य स्थानो पर पर्याप्त शाइनेज लगाए जाएं, इसमें विभाग के साथ संचालक का भी संपर्क नंबर लिखा हो। लोगों को भी जागरूक करें और स्वयं भी रात्रि में गश्त करें, जिससे कोई भी व्यक्ति खुले में सोने को मजबूर न हो, खुले में सोने वालों को रैन बसेरा पहुंचाया जाए।

दो पक्षो में जमकर मारपीट,दस घायल

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के भाटनखेड़ा गांव में दो पक्षो की महिलाओ में शुरू हुआ विवाद कुछ देर में खूनी संघर्ष में बदल गया जिसके बाद दोनो पक्षो में हुयी जमकर मारपीट में महिलाओ समेत दस लोग घायल हो गयें। पुलिस ने दोनो पक्षो की तहरीर पर क्रास एनसीआर दर्ज कर जांच में जुट गयी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरा मजरा भाटनखेड़ा गांव में संतोष शर्मा व नंद किशोर शर्मा के बीच एक जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था जिसको लेकर दोनो पक्ष रिश्तेदार होते हुये भी एक दूसरे से दुश्मनी मनाते थे,रविवार की सुबह दोनो पक्षो की महिलाओ के बीच शुरू हुये विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया ओर दोनो पक्षो के डेढ दर्जन से अधिक लोग लाठी-डंडे व धारदार हथियार लेकर आमने-सामने आ गये ओर जमकर मारपीट हुयी। मारपीट में सतोंष पक्ष से उनकी पत्नी सवित्री,कुसुम ,साधना,मानसी व उत्तम व दूसरे पक्ष के नंद किशोर, विपिन,केतकी,तनु,पम्मी घायल हो गयें।

नाटक दुलारी बाई ने दर्शकों की बटोरीं तालियां

जीवन ज्योति सेवा फाउण्डेशन का नाट्य समारोह संपन्न

लखनऊ । सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संस्था जीवन ज्योति सेवा फाउण्डेशन के तत्वावधान में विकल्प खण्ड गोमती नगर, लखनऊ में चल रहे दो दिवसीय जीवन ज्योति नाट्य समारोह की अंतिम समापन संध्या में मणि मधुकर द्वारा लिखित एवं ज्योति सिंह द्वारा निर्देशित नाटक दुलारी बाई का मंचन किया गया। मंचन से पूर्व नाट्य समारोह का विधिवत शुभारम्भ रंग निर्देशिका अचला जी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर जीवन ज्योति सेवा फाउण्डेशन के उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने अचला जी को जीवन ज्योति सम्मान से सम्मानित किया। हास्य-परिहास्य की चाशनी से परिपूर्ण नाटक दुलारी बाई ने सयंम से काम करने पर बल देते हुए जहां एक ओर कंजूसी न करने की सलाह दी, वहीं दूसरी ओर सोंच विचार कर काम करने का संदेश देकर दर्शकों को हंसा कर लोटपोट किया।सशक्त कथानक और उत्कृष्ट संवादों से सजे नाटक दुलारी बाई में श्रद्धा श्रीवास्तव, मनीष यादव, सतीश शर्मा, अमन शर्मा धर्मेंद्र सिंह, शुभेन्द्र सिंह, नरेश कुमार, रंजीत पटेल, राकेश सिंह, मोहम्मद काजिम, ऋषु यादव, नरगिश फातिमा और मनाली सिंह ने अपने उत्कृष्ट संवादों और दमदार अभिनय से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। जीवन ज्योति नाट्य समारोह का संचालन जितेन्द्र सिंह और धन्यवाद ज्ञापन ज्योति सिंह ने दिया। इस अवसर पर दीपिका बोस, रिद्धिमा कौशल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

69000 शिक्षक भर्ती मामला, भूख हड़ताल पर बैठे तीन अभ्यर्थी बीमार

लखनऊ। 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण लागू करने में हुई विसंगति को दूर किये जाने के बाद भी नियुक्ति पाने से वंचित अभ्यर्थी भूख हड़ताल पर है। जिनमें से रविवार सुबह तीन अभ्यर्थी बृजभान पटेल, हर्ष पटेल, कुलदीप शर्मा, की तबीयत खराब हो गई है। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार चल रहा है।नियुक्ति की मांग कर रहे अभ्यर्थियों की भूखहड़ताल का आज (रविवार) सातवां दिन है सुबह तीन अभ्यर्थियों को कमजोरी के कारण चक्कर आने लगा तीनों को चलने फिरने ने समस्या हो रही हैं। धरनास्थल ईको गार्डन में मौजूद उनके अन्य साथियों ने एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें लोक बंधु अस्पताल में भर्ती करया

बीएचयू छात्रा गैंगरेप मामले में सपा महिला सभा ने किया प्रदर्शन

लखनऊ। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आईआईटी की छात्रा के साथ हुए गैंगरेप मामले में समाजवादी पार्टी ने अपना जोरदार विरोध दर्ज कराया है। सपा महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा यादव ने साथी कार्यकर्ताओं के साथ जीपीओ पर बड़ा प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी कर सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। इस प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने नेहा यादव को गिरफ्तार कर लिया। उनके साथ पुलिस मीनाक्षी, पूजा बुंदेलखंडी, कांची सिंह, शिल्पी और अनुपमा पटेल को भी अरेस्ट किया गया है। प्रदर्शन के दौरान नेहा यादव ने कहा कि बीते दिनों बीएचयू में आईआईटी की एक छात्रा के साथ कैंपस के अंदर गैंगरेप की घटना हुई जिसमें दरिंदगी करने वाले भाजपा के नेता आरोपियों ने घटना की वीडियो भी बनाई। उनका साफ मकसद छात्रा को ब्लैकमेल करना था। पकड़े गए आरोपी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी निकले हैं। नेहा ने कहा मुख्य आरोपी कुणाल पांडे आयोजक बीजेपी आईटी सेल बनारस, सक्षम पटेल सह सयोजक बीजेपी आईटी सेल बनारस, और तीसरा आरोपी आनंद उर्फ अभिषेक चौहान कार्यसमिति सदस्य बीजेपी आईटी सेल के लिए काम करते हैं। नेहा ने कहा ये तीनो आरोपी पहले भी छेड़खानी जैसे कुकर्त्यों में संलिप्त पाए गए हैं, लेकिन सत्ता संरक्षण के दबाव में और इनकी राजनीतिक हनक के कारण पुलिस ने कभी कोई कार्रवाई की ही नहीं।

सपा मुख्यालय पर मनाई गयी लोकबंधु राजनारायण की पुण्यतिथि

समाजवादी पार्टी मुख्यालय में लोकबंधु राजनारायण की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते राजेंद्र चौधरी व अन्य।

लखनऊ। लोकबंधु राजनारायण की पुण्यतिथि समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में सादगी से मनाई गई। समाजवादी पार्टी ने सभी जनपदों में लोकबंधु राजनारायण जी को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकबंधु राजनारायण जी क्रांतिकारी नेता, लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। आजादी के आंदोलन में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई थी। आजाद भारत में अन्याय की खिलाफत में अग्रणी रहे। संसद और विधायिका में उन्होंने शोषितों, वंचितों की आवाज सशक्त ढंग से उठाई। श्री यादव ने कहा कि राजनारायण जी अन्याय के खिलाफ हमेशा मुखर रहे। छात्र जीवन से ही समाजवादी विचाराधारा से जुड़ गए थे और आजीवन वे समाजवादी मूल्यों के लिए समर्पित रहे। डॉ0 राम मनोहर लोहिया उनके प्रेरणा पुरूष थे। आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में राजनारायण जी के चित्र पर राजेन्द्र चौधरी राष्ट्रीय सचिव, नरेश उत्तम पटेल प्रदेश अध्यक्ष, अम्बिका चौधरी पूर्व मंत्री, नारद राय पूर्व मंत्री, अरविन्द कुमार सिंह पूर्व सांसद, व्यासजी गोंड, श्याम राय , तेजप्रकाश, मधुर श्याम, रजनीश राय, संतोष वाई, आशुतोष पटेल, सोनू त्यागी, पवन त्यागी, के.के. श्रीवास्तव, डॉ0 हरिश्चन्द्र, मुकेश जायसवाल, राधेश्याम सिंह, भारत सिंह एवं कर्मवीर सिंह गुमी आदि नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

अपराधियों के लिये काल बना वर्ष-2023

यूपी पुलिस ने खोये अपने 16 जवान, अपराधियों से मुठभेड़ में घायल हुये 1505 पुलिस कर्मी

लखनऊ। वर्ष - 2023 अपराधियों के लिए काल बनकर आया।यूपी पुलिस ने पूरे वर्ष में कुल 194 अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया।यही नही पुलिस की गोली से 5942 घायल हुये। यूपी पुलिस ने पूरे वर्ष सुरक्षा प्रबन्ध सुनिश्चित कराने के पुख्ता प्रबंध भी किए। प्रदेश भर में दुर्दान्त अपराधियों के विरूद्ध बीस मार्च 2017 से 15 दिसंबर 2023 तक अपराधियो के विरुद्ध की गई कड़ी कार्रवाई में यूपी पुलिस के 16 जवान वीरगति को भी प्राप्त हुये। इसके अलावा अपराधियों से लोहा लेने में 1505 पुलिस कर्मी घायल हुये । इसके अलावा यूपी पुलिस ने पच्चीस हजार की धनराशि के ईनामी 16014 अपराधियों तथा पच्चीस हजार से पच्चास हजार की धनराशि के 1633 ईनामी अपराधी एवं पच्चास हजार से अधिक धनराशि के ईनामी 190 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।इसके अलावा गैंगेस्टर एक्ट में यूपी पुलिस ने 22560 मुकदमें दर्ज कर 71600 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इसके अलावा 904 आरोपियों को रासुका के तहत निरुद्ध किया गया।वही गैंगस्टर एक में पुलिस ने कुल 124 अरब , 04 करोड़ , 18 लाख 52 हजार 161 रूपये मूल्य की चल और अचल सम्पत्तियों को जब्त कर अपराधियो को कड़ी चुनौती दी है।इसके अलावा यूपी पुलिस ने चिन्हित माफिया अपराधियों और उनके गैंग के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की है। उत्तर प्रदेश में चिन्हित 68 माफिया व उनके गैंग के सदस्यों और सहयोगियों के विरूद्ध जनवरी , 2020 से पंद्रह दिसंबर तक कड़ी कार्रवाई की गई। इनमे से अब तक लगभग 3758 करोड़ से अधिक की सम्पत्ति का जब्तीकरण और ध्वस्तीकरण यूपी पुलिस ने करते हुए उनके अवैध कब्जे से भूमि को भी मुक्त कराया। इसके अतिरिक्त चिन्हित माफिया के गैंग के करीब 1199 सदस्यों और सहयोगियों के विरूद्ध कार्रवाई कर 713 मुकदमें पुलिस ने दर्ज कराया।वही 583 माफियाओं को गिरफ्तार किया है। इनमे से 249 के विरूद्ध गुण्डा एक्ट एवं 720 के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट व 18 के विरूद्ध एन 0 एस 0 ए 0 की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा यूपी पुलिस ने चिन्हित माफियाओं के गैंग और उनके सदस्यों तथा सहयोगियों को निर्गत करीब 348 शस्त्र लाइसेंस के निरस्त कराए गए।इसके अलावा यूपी पुलिस ने पच्चास मुकदमों में 23 माफिया व 42 सहअपराधी को आजीवन कारावास और अर्थदण्ड की सजा दिलाई। इसके अलावा दो को मौत की सजा भी दिलवाई।इसके अलावा प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके सशक्तीकरण को लेकर एंटी रोमियो स्क्वाड का भी गठन कर अभियान चलाया गया।इस अभियान में बाइस मार्च 2017 से लेकर पंद्रह दिसंबर तक हुआ। 53,51,087 स्थानों पर चेकिंग की गई। जिसमे 1,44,16,600 व्यक्तियों को चेक किया गया।वही 13,244 मुकदमे दर्ज कर 18,926 व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। इसमें 60,15,247 व्यक्तियों को यूपी पुलिस ने चेतावनी दी। इसके अलावा यूपी पुलिस ने पेट्रोलिंग के जरिए भी लोगो में सुरक्षा का एहसास कराया गया। पुलिस ने फुट पेट्रोलिंग के जरिए 4 . 1.03,38,677 स्थानों पर चेकिंग की और 3,49,01,961 संदिग्ध व्यक्तियों को चेक किया।इस दौरान 17,76,476 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर 3,68,902 व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर 5,45,616 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । इसके अलावा 43,30,382 स्थानों पर चेकिंग तथा 2,34,12,069 संदिग्ध व्यक्तियों को चेक किया गया ।84,032 मुकदमें दर्ज कर 94,926 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । अभियान के दौरान 18,934 अवैध शस्त्र , 7 , 829 अवैध वाहन तथा 1062740 लीटर अवैध शराब की बरामदगी की गयी है ।

संक्षिप्त समाचार

दबंग भाईयों ने लाइनमैन को पीटा,मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज। नगराम क्षेत्र के ममईमऊ गांव में विद्युत विभाग द्वारा ओटीएस कैम्प के दौरान एक घर मेंअनाधिकृत तरीके से बिजली का उपयोग करने की सूचना पर मौके पर पहुंचे लाइनमैन को टोकना महंगा पड़ गया।अनाधिकृत तरीके से बिजली का उपयोग करने वाले दबंग भाईयों ने लाइनमैन की पिटाई कर घायल कर दिया।अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी भाईयों मारपीट समेत की अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।नगराम समेसी विद्युत सब स्टेशन के अवर अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि शनिवार को ममईमऊ गांव में उनकी विधुत विभाग टीम द्वारा ओटीएस कैम्प लगाया गया था कैंप के दौरान लाइन मैन बोधराम द्वारा गांव में ही कैम्प प्रसार -प्रचार किया जा रहा था इसी दौरान गांव के ही रामसेवक अपने घर से क करीब 50 मीटर दूर केबिल खींचकर दूसरे मकान में भी अनाधिकृत रूप से बिजली कब प्रयोग करते पाए गए जिस पर लाइनमैन ने रोक टोक की तो रामसेवक के बेटे रिंकू, अमित, पिंटू, व गोविंद आ दौड़े और लाइनमैन बोधराम से रौब झाडते हुए गाली गलौज करने लगे जब लाइनमैन ने इसका विरोध किया दबंग भाइयों ने उसकी पिटाई कर दी जिसके बाद उनकी टीम द्वारा 112 पर पुलिस को सूचना दी तो दबंग भाई धमकाते मौके से भाग निकले।

ट्रक की टक्कर से घायल युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

इटौंजा। इटौंजा थाना के अंतर्गत शनिवार की शाम को ओवरब्रिज के निकट लखनऊ सीतापुर मार्ग पर बाइक चालक को ट्रक ने कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी शनिवार की रात में इलाज के दौरान मौत हो गई।इटौंजा थाना इंस्पेक्टर मारकंडेय यादव ने बताया फैजुल्लागंज लखनऊ निवासी गोविंद 26 वर्ष कुम्हरावा क्षेत्र में रिश्तेदारी से बाइक से वापस आ रहा था। इटौंजा क्रॉसिंग पार करके जैसे ही लखनऊ की तरफ मार्ग पर वह मुड़ा था । उसी समय ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इटौंजा पुलिस ने इलाज के लिए रामसागर मिश्र 100 शैय्या अस्पताल बीकेटी भेजा। जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया ।चालक तथा ट्रक को पकड़ लिया गया है।

कोटेदारों ने रक्षामंत्री को सौंपा ज्ञापन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के एक प्रतिनिधि मंडल प्रमोद शर्मा संरक्षक अशोक कुमार मल्होत्रा प्रदेश अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार दीक्षित शहर अध्यक्ष प्रताप सिंह प्रदेश मंत्री धीरज कुमार अग्रवाल प्रदेश मंत्री मनीष गुप्ता वरिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी रजनीश मिश्रा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के साथ दिल्ली में रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह से मिलकर के उत्तर प्रदेश के उचित दर विक्रेताओं कोटेदारों के लाभांश दो सौ रुपये प्रति कुंतल अन्य राज्यों की भांति करवाने के लिए तथा उचित दर विक्रेताओं के बीमा सुरक्षा के साथ उचित दर विक्रेताओं की समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसके क्रम में रक्षामंत्री द्वारा उक्त समस्याओं का संज्ञान लेते हुए यथाशीघ्र इसका निष्पादन करते हुए उचित मानदेय दिलवाने का आश्वासन दिया गया।

बाइक सवार युवक को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

लखनऊ। पारा कोतवाली क्षेत्र में बुद्धेश्वर ओवर ब्रिज के पास बाइक से जा रहे एक बाइक सवार को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगते ही वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोहन रोड चौकी प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह बताया कि मृतक का नाम चेतन मिश्रा पुत्र विशंभर दयाल मिश्रा निवासी ग्राम मुजफ्फरनगर थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत है, युवक अपनी बुलेट मोटसाइकिल से आलमबाग की तरफ जा रहे थे तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। मृतक पेशे से अध्यापक था जिला सीतापुर के विद्यालय में वर्तमान समय में तैनात था।

रेलवे ट्रैक पर मिला शव

मोहनलालगंज। निगोहां थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर सुबह एक मजदूर का सदिग्ध परिस्थितियों में क्षत.विक्षत शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जामा तलाशी ली तो मृतक की शिनाख्त कराते हुये परिजनो के मौके पर आने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

NOTICE

Maine apna naam KM Imrana se badal kar Imrana Ahmad rakh liya hai , bhavishya me mujhe is naam se jaana pehchaana jaye. W/o Usman Ahmad Add.- 34 Shadab Colony Picnic spot road Mahanagar Lucknow- UP

ICICI Home Finance | **कॉर्पोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई-400059, भारत

शाखा कार्यालय: पहली मंज़िल, KH नं. 700, सरसवान परगना, सरोजिनी नगर, लखनऊ - 226008

[नियम 8(6) का परंतुक देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है। इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रुप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका **प्रतीकात्मक कब्ज़ा** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", और "जो कुछ भी है" बेचा जाएगा;

क्र. स.	उधारकर्ता का नाम/सह-उधारकर्ता/गारंटर/कानूनी उत्तराधिकारी/ऋण खाता संख्या	ज्ञात ऋणभार यदि कोई हो, सहित सुरक्षित संपत्ति(ओं) का विवरण	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना राशि	संपत्ति निरीक्षण की तारीख और समय	नीलामी की तारीख और समय
(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F)	(G)
1.	अभिषेक गुप्ता (उधारकर्ता) उषा गुप्ता (सह-उधारकर्ता) स्वाति अस्थाना(सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHLKS00001395902	माधोपुर वार्ड कन्हिया मिडिल क्लास खसरा नंबर 42 व 43, मकान नं 64 लखनऊ उत्तर प्रदेश -226003	Rs. 29,17,325/- December 15, 2023	Rs. 27,81,864/- / Rs. 2,78,190/-	January 08, 2024 11:00 AM- 03:00 PM	January 19, 2024 02:00 PM- 03:00 PM
2.	सहर बानो (उधारकर्ता) नफीस अली (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता LHLUC00001456798 और LHLUC00001456799	पांडे टोला वार्ड चांदगंज लखनऊ मिडिल क्लास ना लखनऊ उत्तर प्रदेश- 226006	Rs. 4,04,556/- December 15, 2023	Rs. 37,94,364/- / Rs. 3,79,440/-	January 08, 2024 11:00 AM- 03:00 PM	January 19, 2024 02:00 PM- 03:00 PM
3.	राम सिंह पाल (उधारकर्ता) गायत्री (सह-उधारकर्ता)ऋण खाता LHLUC00001349576 और LHLUC00001349577	हरिहर नगर पानीगांव वार्ड इस्माइलगंज मिडिल क्लास Na लखनऊ- 226018	Rs. 25,78,900/- December 15, 2023	Rs. 20,93,688/- / Rs. 2,09,370/-	January 08, 2024 11:00 AM- 03:00 PM	January 19, 2024 02:00 PM- 03:00 PM

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **Globe Tech** की वेबसाइट **(URL लिंक- https://BestAuctionDeal.com)** पर आयोजित की जाएगी। बंधककर्ताओं को **18 जनवरी 2024** को शाम **05:00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल बकाया का भुगतान करने का आखिरी मौका दिया जाता है, अन्यथा ये सुरक्षित संपत्ति उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार बेची जाएंगी।

संभावित बोलीदाताओं को **पहली मंज़िल, KH नं. 700, सरसवान परगना, सरोजिनी नगर, लखनऊ - 226008** में बयाना राशि (EMD) RTGS/ डिमांड ड्राफ्ट (DD) (कॉलम E देखें) **18 जनवरी 2024** को शाम **04:00 बजे** से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड,पहली मंज़िल, KH नं. 700, सरसवान परगना, सरोजिनी नगर, लखनऊ - 226008** पर **18 जनवरी 2024** शाम **05:00 बजे** तक या से पहले जमा करनी होगी। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "**आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड- नीलामी**" के पक्ष में **लखनऊ** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदाएं जमा करने के संबंध में किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** से **9920807300** पर या हमारे सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर **NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई और कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **https://www.icicihfc.com/** पर जाएं।

दिनांक : 01 जनवरी 2024
स्थान : लखनऊ

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड